
सत्यमेव जयते
महाराष्ट्र शासन
सेतु-अभ्यास
कक्षा - सातवीं
हिंदी - सुलभभारती
शैक्षणिक वर्ष २०२१-२२
ज्ञानसेवा तु साफल्यम्
राज्य शैक्षणिक संशोधन व प्रशिक्षण
परिषद, महाराष्ट्र, पुणे.

सत्यमेव जयते

सेतु अभ्यास (ब्रीज कोर्स) : कक्षा – सातवीं

- प्रवर्तक : **शालेय शिक्षण विभाग, महाराष्ट्र शासन**
- प्रकाशक : **राज्य शैक्षणिक संशोधन व प्रशिक्षण परिषद, महाराष्ट्र, पुणे.**
- प्रेरणा : **मा. वंदना कृष्णा**, (भा.प्र.से.)
  अपर मुख्य सचिव, शालेय शिक्षण व क्रीडा विभाग,
  मंत्रालय, मुंबई.
- मार्गदर्शक : **मा.विशाल सोळंकी**, (भा.प्र.से.)
  आयुक्त(शिक्षण), महाराष्ट्र राज्य, पुणे.
  मा.राहुल द्विवेदी(भा.प्र.से.)
  राज्य प्रकल्प संचालक, महाराष्ट्र प्राथमिक शिक्षण परिषद,
  मुंबई.
- संपादक : **मा. दिनकर टेमकर**
  संचालक, राज्य शैक्षणिक संशोधन व प्रशिक्षण परिषद,
  महाराष्ट्र, पुणे.
- सहसंपादक : **डॉ.विलास पाटील**
  सहसंचालक, राज्य शैक्षणिक संशोधन व प्रशिक्षण परिषद,
  महाराष्ट्र, पुणे.
- कार्यकारी संपादक : **डॉ. कमलादेवी आवटे,** उपसंचालक (भाषा व समता
  विभाग) राज्य शैक्षणिक संशोधन व
  प्रशिक्षण परिषद, महाराष्ट्र, पुणे.
  श्रीमती नीता जाधव, उपविभागप्रमुख तथा अधिव्याख्याता,
  मराठी विभाग
  राज्य शैक्षणिक संशोधन व प्रशिक्षण परिषद, महाराष्ट्र, पुणे.
- संपादन सहायक : **श्री.तौसीफ परवेज एम मुजफ्फर** उर्दू भाषा विभाग,
  डॉ. नंदा भोर, अश्विनी नरवणे, विषय सहायक,
  मराठी विभाग,
  राज्य शैक्षणिक संशोधन व प्रशिक्षण परिषद, महाराष्ट्र, पुणे.
- निर्मिति गटप्रमुख : **डॉ. श्रीहरी दराडे** , अधिव्याख्याता (गट समन्वयक)
  जिल्हा शिक्षण व प्रशिक्षण संस्था, हिंगोली
- निर्मिति गटसदस्य : **१) प्रा.डॉ. छाया पाटील (सेवानिवृत्त)**
  २) श्रीमती अर्चना कणसे (कर्मवीर भाऊराव पाटील

माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय, बागणी तालुका वाळवा जि. सांगली

३) **श्रीमती दिपाली चव्हाण** (बाल जीवन विकास प्राथ. शाळा भवानी पेठ पुणे)

४) **श्रीमती नेहा ठाकूर** (जनहित प्रतिष्ठान प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय बारामती जिल्हा पुणे)

५) **श्री. शिवाजी जाधव** (सेंट झेविअर्स हायस्कूल पंचगणी)

६) **श्री. मिलिंद कडवईकर** भाईसा घोसाळकर हायस्कूल कडवई, ता.संगमेश्वर जिल्हा रत्नागिरी

- निर्मिति सदस्य एवं तकनिकी सहायक: **श्रीमती सुरेखा अजेसिंग निकुंभ** (जि.प. प्राथमिक शाळा गुंडाळवाडी ता. खेड जि.पुणे)

सेतु अभ्यास (ब्रीज कोर्स)

उद्देश्य

- छात्रों के मन में कोविड-१९ पृष्ठभूमि पर अध्ययन के प्रति विश्वास पैदा कर एक सुखद शैक्षिक वातावरण तैयार करना।
- पिछले शैक्षिक वर्ष में संबंधित कक्षा के भाषा अध्ययन में अंतर को भरने में छात्रों की सहायता करना।
- छात्रों को पिछली कक्षा के अनुसार भाषा विषय में उनके अपेक्षित सीखने के परिणाम के अनुसार समझदारी से पढ़ने का अवसर प्रदान करके उनकी संबंधित क्षमताओं को विकसित करने में मदद करना।
- छात्रों को पिछली कक्षा से जोड़ने के लिए स्वयं अध्ययन के लिए सुखद और योग्य सामग्री बनाना।
- छात्रों को स्वयं अभिव्यक्ति को व्यक्त करने के लिए कौशल प्रदान करना ।
- श्रवण, आकलन एवं विचार विनिमय की क्षमता विकसित करना ।
- आकलनपूर्ण मौन वाचन की योग्यता निर्माण करना ।
- भाषा की संरचना एवं व्याकरण के तत्वों का ज्ञानार्जन करना ।
- शब्दसंपत्ति समृद्ध करना एवं उसके तत्वों को उन्नत करना ।
- शुद्ध एवं सरल हिंदी बोलने और लिखने का कौशल प्रदान करना।
- द्वितीय भाषा हिंदी का मौखिक एवं लिखित रूप में रसास्वादन कर अभिव्यक्ति क्षमता में वृद्धि करना।
- द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी के अध्ययन को अधिक प्रभावशाली बनाने के कौशल का विकास करना।
- पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त समाचार पत्र के पठन हेतु छात्रों को प्रेरित करना ।
- हिंदी में सहज रूप से संवाद स्थापित करने हेतु सक्षम बनाना।

आवश्यक कौशल / अवधारणाएँ-(कक्षावार)

- मौखिक भाषा विकास, श्रवण, भाषण, संभाषण
- भाषा अभ्यास (व्याकरण)
- पठन (गद्यांश- पठित/ अपठित), लेखन

अध्यापकों / अभिभावकों के लिए निर्देश

कोविड -१९ से उत्पन्न स्थिति के कारण, पिछले शैक्षणिक वर्ष में कक्षा शिक्षण नहीं हो सका । ऑनलाईन शिक्षा समय छात्र प्रत्यक्ष रूप मे सामने नहीं था। नए शैक्षणिक सत्र में स्कूल कब से शुरू होंगे इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पिछले शैक्षणिक वर्ष में आपने ऑनलाईन के माध्यम से सभी छात्रों तक पहुँचने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं। **यह ब्रीज कोर्स पिछले शैक्षणिक वर्ष में छात्रों द्वारा किए गए अध्ययन की समीक्षा के साथ-साथ नए शैक्षणिक वर्ष में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम की तैयारी के दोहरे उद्देश्य से तैयार किया गया है ।**

- सेतु पाठ्यक्रम कुल ४५ दिनों का है और इसमें एक निश्चित अवधि के बाद कुल तीन परीक्षण हैं ।
- सेतु पाठ्यक्रम पिछले पाठ्यक्रम पर आधारित है और पिछले वर्ष का पाठ्यक्रम और वर्तमान वर्ष का पाठ्यक्रम के बीच एक कड़ी है।
- यह पाठ्यक्रम कक्षा निहाय और विषय निहाय तैयार किया गया है । इसे पिछली कक्षा की पाठ्य-पुस्तक से जोड़कर उसके घटकों के आधार पर तैयार किया गया है।
- इस पाठ्यक्रम में घटक और उपघटक नुसार कार्यपत्रक शामिल हैं। अध्ययन निष्पति/क्षमता विवरणों को ध्यान में रखते हुए कार्यपत्रक तैयार किए गए हैं।
- कार्यपत्रकों को आम तौर पर छह खंडों में विभाजित किया है।

१) अपेक्षित कौशल - ठीक वही जो छात्र सीखने जा रहा है।

२) आओ पता करें - अवधारणाओं की व्याख्या

३) आओ सक्षम बनें - अभ्यास के उदाहरण

४) आओ अभ्यास करें - प्रश्न / क्रिया / अभ्यास यह देखने के लिए कि क्या छात्रों ने अवधारणा को समझा है ।

५) आओ सृजन करें - अवधारणा / कौशल दृढ़ीकरण / उपयोजित लेखन कार्य

६) पूरक साहित्य स्रोत - एक छोटी सी मदद के रूप में वीडियो लिंक, क्यूआर कोड आदि शामिल हैं जो आपको अवधारणा को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं।

- यह पाठ्यक्रम छात्रों को यह समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा कि उन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में क्या सीखा है, जो सीखा उसका परीक्षण करना और वर्तमान कक्षा के पाठ्यक्रम को समझना ।
- अध्यापककों को यह सेतु पाठ्यक्रम प्रत्येक छात्र से निर्देशित दिन क्रमांक योजना के अनुसार पूरा कराना चाहिए।
- अध्यापक को इस तथ्य पर ध्यान देना चाहिए कि छात्र प्रत्येक कार्यपत्रक को अपने आकलन के अनुसार हल करेगा और जहाँ आवश्यक हो वहाँ वे छात्रों की सहायता करेंगें ।

- निर्धारित अवधि के बाद लिए जाने वाले परीक्षणों को छात्रों द्वारा हल किया जाना चाहिए, परीक्षणों की जाँच की जानी चाहिए और छात्र के अंकों का रेकॉर्ड स्वयं ही रखा जाना चाहिए।
- परीक्षा की जाँच करते समय छात्रवार विश्लेषण होना चाहिए।
- छात्रों को अतिरिक्त पूरक साहित्य स्रोत की सहायता दी जानी चाहिए।

इस सेतु पाठ्यक्रम के सफल नियोजन के लिए शुभकामनाएँ !

छात्रों के लिए सुझाव

विद्यार्थी मित्रों, पिछले शैक्षणिक वर्ष में आपने अपनी शिक्षा ऑनलाईन और कई अन्य तरीकों से जारी रखी। यह ब्रीज कोर्स-सेतु पाठ्यक्रम आपके लिए इस शैक्षणिक वर्ष के आरंभ में कुछ दिन पिछली कक्षा के पाठ्यक्रम का परीक्षण करने और इस वर्ष के पाठ्यक्रम की तैयारी के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

सेतु पाठ्यक्रम कुल ४५ दिनों का है और इसमें एक निश्चित अवधि के बाद तीन परीक्षण हैं।

यह सेतु पाठ्यक्रम आपको पिछले शैक्षणिक वर्ष में आपने जो सीखा है उसे ठीक से समझने और अगली कक्षा के पाठ्यक्रम को समझने में मदद करेंगा।

इस सेतु पाठ्यक्रम को अध्ययन दिवस के क्रमानुसार हल किया जाना चाहिए।

इसमें दैनिक कार्यपत्रक शामिल है। दी गई योजना के अनुसार आपके द्वारा अपने प्रयासों से वर्कशीट(कार्यपत्रक) हल किया जाना चाहिए।

यदि आपको वर्कशीट को हल करने में कठिनाई हो रही है, तो अध्यापक या माता-पिता की मदद लें।

प्रत्येक कार्यपत्रक में दिए गए पाठ को बेहतर ढंग से समझने के लिए वीडियो लिंक प्रदान किए गए हैं, उनका उपयोग अवधारणा को समझने के लिए होगा।

दिए गए परीक्षणों को योजना के अनुसार हल करें। परीक्षण पूरा करने के बाद अध्यापक से जाँच करवाएँ ।

जो हिस्सा समझ में नहीं आता है या कठीन लगता है उसे समझने के लिए अध्यापकों या माता-पिता की मदद लें।

इस सेतु पाठ्यक्रम के सफल नियोजन के लिए शुभकामनाएँ !

हिंदी सेतु अभ्यासक्रम सन २०२१ - २२

कक्षा - सातवीं

अनुक्रमणिका

क्रमांक	क्षेत्र	घटक/उपघटक	दिन
१	भाषा विकास	स्वर/व्यंजन	पहला
२	भाषा विकास	चित्रकथा वाचन	दुसरा
३	भाषा विकास	चित्रकथा वाचन	तिसरा
४	भाषा विकास	प्रासंगिक कथाएँ	चौथा
५	भाषा विकास	बारहखड़ी शब्द वाचन	पाँचवा
६	भाषा विकास	चित्र वर्णन	छठा
७	भाषा विकास	संवाद वाचन	सातवाँ
८	भाषा विकास	कवितावाचन	आठवाँ
९	भाषा विकास	पद्य आकलन	नौवाँ
१०	भाषा विकास	कविता वाचन	दसवाँ
११	भाषा विकास	चित्र पर आधारित प्रश्न तैयार करना	ग्यारहवाँ
१२	भाषा विकास	चित्र पर आधारित प्रश्न तैयार करना	बारहवाँ
१३	भाषा विकास	चित्रवर्णन	तेरहवाँ
१४	भाषा विकास	चुटकुले, पहेलीयाँ तैयार करना	चौदहवाँ
१५		कसौटी - गुण १५	
१६	भाषा विकास	गद्य आकलन	सोलहवाँ
१७	भाषा विकास	अभिव्यक्ति लेखन	सत्रहवाँ
१८	भाषा विकास	सृजनात्मक वाचन	अठारहवाँ
१९	भाषा विकास	स्वमत /सृजनात्मक लेखन	उन्नीसवाँ
२०	भाषा विकास	पहेलियाँ बुझना	बीसवाँ
२१	भाषा विकास	तर्कज्ञान/स्वमत लेखन	इक्कीसवाँ
२२	भाषा विकास	सृजनात्मक लेखन	बाईसवाँ
२३	भाषा विकास	नये शब्दों की पहचान	तेईसवाँ
२४	भाषा विकास	श्रवण/संभाषण	चौबीसवाँ
२५	भाषा विकास	अनुभव लेखन	पच्चीसवाँ
२६	भाषा विकास	लघुशब्द कोश	छब्बीसवाँ
२७	भाषा विकास	स्वअभिव्यक्ति	सत्ताईसवाँ
२८	भाषा विकास	काल की पहचान	अठ्ठाईसवाँ
२९	भाषा विकास	स्वअभिव्यक्ति	उनतीसवाँ
३०	लेखन	कसौटी १५	तीसवाँ

क्रमांक	क्षेत्र	घटक/उपघटक	दिन
३१	भाषा विकास	निरीक्षण	इकतीसवाँ
३२	भाषा विकास	चित्रकथा	बत्तीसवाँ
३३	भाषा विकास	कवितावाचन	तैंतीसवाँ
३४	भाषा विकास	संयुक्ताक्षर	चौंतीसवाँ
३५	भाषा विकास	पंचाक्षर	पैंतीसवाँ
३६	भाषा विकास	भाषा कौशल	छत्तिसवाँ
३७	भाषा विकास	सुलेखन	सैंतिसवाँ
३८	भाषा विकास	स्वास्थ आकलन	अड़तिसवाँ
३९	भाषा विकास	वस्तु निर्मिती	उनतालिसवाँ
४०	भाषा विकास	पर्यावरण महत्व	चालिसवाँ
४१	भाषा विकास	व्याकरण : संज्ञा	इकतालिसवाँ
४२	भाषा विकास	पद्य : वह देश कौनसा हैं	बयालिसवाँ
४३	भाषा विकास	व्याकरण : सर्वनाम	तैंतालिसवाँ
४४	भाषा विकास	व्याकरण : विशेषण	चवालिसवाँ
४५		कसौटी ३	पैंतालिसवाँ

पहला दिन

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल - श्रवण, वाचन

अध्ययन निष्पत्ति (०६.१५.०८) स्वर, व्यंजन के मानक उच्चारण करते हुए पढ़ते हैं।

आओ पता करें

वर्णमाला की स्लाईड दिखाकर स्वर और व्यंजन की जानकारी करवाएँ।

स्वर :

अ आ इ ई उ ऊ ऋ

एँ ऐ ओ औ अं अः।

व्यंजन :

क	ख	ग	घ	ङ		
च	छ	ज	झ	ञ		
ट	ठ	ड	ढ	ण	ड़	ढ़
त	थ	द	ध	न		
प	फ	ब	भ	म		
य	र	ल	व			
श	ष	स	ह	ळ		
क्ष	त्र	ज्ञ	श्र			

आओ सक्षम बनें

१) हिंदी मे स्वर ..... हैं।

२) हिंदी मे व्यंजन ..... हैं।

३) अनुनासिक स्वर ..... हैं।

४) ..... , ... , ... , ... , यह संयुक्त व्यंजन हैं।

आओ अभ्यास करें

१) निम्नलिखित वर्ण में से स्वर और व्यंजन अलग-अलग करके लिखो

क, औ, इ, ऐ, ल, उ, ख, अ, फ, घ

स्वर:

व्यंजन

आओ सृजन करें

अपने परिवार के सदस्यों का नाम लिखकर उनमे से स्वर और व्यंजन अलग-अलग करके लिखो।

पूरक साहित्य स्रोत

पाठ्यपुस्तक, दिक्षा ॲप

दिन दूसरा	क्षेत्र - भाषा विकास कौशल - श्रवण , कहानी सुनना

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** - ०६.१५.०५ प्रासंगिक कथाएँ/ कहानी आदि को एकाग्रता से समझते हुए सुनते हैं, सुनाते हैं तथा अपने ढंग से बताते हैं।

आओ पता करें।

आरोह - अवरोह के साथ कहानी सुनवाएँ।

उपहार

एक गाँव में ऋत्विक नाम का लडका रहता था। वह बहुत गरीब था। गाँव के पास "पुस्तक मेला" लगा था। उसने माँ से कहा, "मैं भी मेला देखने जाऊंगा।" उसकी माँ बोली, "देखो, घर में कोई बड़ा नहीं है, तुम अकेले कैसे जाओगे इतनी दूर? बेटा, मेला देखने की जिद छोड़ दो।...




कहानी की प्रमुख घटनाओं पर चर्चा करवाएँ।


छात्रों को कहानी उनके शब्द में कहने के लिए प्रेरित करवाएँ।

आओ सक्षम बनें


इस कहानी को पढ़ो।



- इस कहानी को अपने परिवार के सदस्यों को सुनाओ।



- अन्य कहानियाँ सुनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जैसे - पंचतंत्र आदि।



दिन तीसरा	क्षेत्र – भाषा विकास कौशल – श्रवण ,पठन, वाचन

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** – ०६.१५.०५ प्रासंगिक कथाएँ , गीत आदि को एकाग्रता से समझते हुए सुनते हैं, सुनाते हैं तथा अपने ढंग से बताते हैं।

आओ पता करें।

❖ संवाद का आदर्श वाचन करवाएँ।

सोना और लोहा

सोना : मैं स्वर्ण, मैं सोना, मेरी भी क्या शान है ! जिसे देखो, मुझे चाहता है; मेरे गुण ही ऐसे हैं।

लोहा : नमस्ते ! क्या कह रहे थे – मेरा रूप ही ऐसा है, मेरे गुण ही ऐसे हैं ?

सोना : मैं क्या झूठ बोल रहा हूँ ? मेरा चमकता पीला रंग देख ! संसार में मैं सबसे सुंदर हूँ।

लोहा : सोने, पहले यह तो बता कि तू तिजोरी से बाहर क्यों आया? लाख बार कहा कि तेरा बाहर .....आना खतरे से खाली नहीं, मगर तू मानता ही नहीं। तेरी रक्षा का भार मुझपर है। .....



❖ अध्यापक इस प्रकार के अन्य संवादों की जानकारी देते हैं।

❖ छात्र इस संवाद से रूप – रंग की अपेक्षा सद्‌गुणों के महत्त्व को जान लेते हैं।

आओ सक्षम बनें

- छात्र अच्छे गुणों का स्वीकार करते हैं और दोषो को दूर करते हैं।

आओ अभ्यास करें

- विभिन्न धातुओं के नाम और उनसे बननेवाली विभिन्न वस्तुओं के नाम लिखो।

आओ सृजन करे

- अपने मित्रों के साथ इस संवाद का नाट्यीकरण करो।

पूरक साहित्य स्रोत

दिन
चौथा

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल - श्रवण, वाचन

अध्ययन निष्पत्ति ०६.१५.०१ विविध प्रकार की ध्वनियों के संबंध में जानकारी तथा अनुभव को प्राप्त करते है |वाचन करने हेतु ध्वनिओं को समझते है|

आओ पता करें।





ध्वनियों का आकलन करवाएँ :



आओ सक्षम बनें

ध्वनि आकलन द्वारा शब्द, वाक्य तैयार करने के लिए कहें, उनका वाचन करवाएँ |

❊ चित्र की सहायता से बारहखड़ी के शब्द बनाकर लिखो ।

अनु.	चित्र का पहला अक्षर	वर्ण	चित्र का अंतिम अक्षर	शब्द	अनु.	चित्र का पहला अक्षर	वर्ण	चित्र का अंतिम अक्षर	शब्द
१.		ल		कलम	७.		–		.....
२.		–		.....	८.		क		.....
३.		सा		.....	९.		ला		.....
४.		म		.....	१०.		य		.....
५.		टी		.....	११.		शि		.....
६.		क		.....	१२.		ग		.....

आओ अभ्यास करें

चित्रों को देख कर ध्वनियोंकी सहायता से विविध शब्द तैयार करके कापी लिखो :

आओ सृजन करें

अपने मित्रों के साथ बारहखड़ी तथा शब्दों का खेल बनाओ

पूरक साहित्य स्रोत

दिन
पाँचवा

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल - वाचन - श्रवण

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** - ०६.१५.०५ प्रासंगिक कथाएँ , गीत आदि को एकाग्रता से समझते हुए सुनते हैं, सुनाते हैं तथा अपने ढंग से बताते हैं।

आओ पता करें।

❖ बच्चों में पाए जानेवाली अच्छी - बुरी आद्तों के चर्चा करें।

पाठ - जन्मदिन

गरमी पड़ने लगी थी। धीरे-धीरे उसके तेवर तीखे हो चले। सूरज आग बरसने लगा। मगर इन सबसे बेखबर बबलू अपने में ही मस्त था। उसे बाथरूम में घुसे आधा घंटा हो चुका था। शावर के नीचे उसकी धमा-चौकड़ी मची हुई थी।.....





❖ अध्यापक छात्रों से बबलू की बुरी आदतों, प्राकृतिक संसाधनों कि कमी पर चर्चा करें।

आओ सक्षम बनें

❖ कहानी के पात्रों के बारे में अपने विचार बताओ।

आओ अभ्यास करें

- बिजली कटौती का कारण बताओ।
- जीवन में पानी का महत्व के बारे मे पाँच वाक्य लिखो।

आओ सृजन करें

- दैनिक जीवन में सौर उर्जा का महत्व और आवश्यकता बताओ।

पूरक साहित्य स्रोत

हिंदी सुलभभारती,सुगमभारती छठी कक्षा


दिन छठा	क्षेत्र - भाषा विकास कौशल - वाचन , लेखन

अध्ययन निष्पत्ति ०६.१५.०१. विविध प्रकार की ध्वनियों,सामाजिक संस्थाओं,परिसर एवं सामाजिक घटकों के संबंध में जानकारी तथा अनुभव को प्राप्त करने हेतु वाचन करते हैं तथा सांकेतिक चिह्नों का अपने ढंग से प्रयोग कर उसे दैनिक जीवन से जोड़कर प्रस्तुत करते हैं |

संकल्पना -चित्र वर्णन

आओ पता करें

- छात्रों से चित्र का निरीक्षण करवाएँ, और उनसे प्रश्न पूछों|
- डिजीटल साहित्य कि जानकारी दे|



आओ सक्षम बनें

- चित्र का निरीक्षण करो और अपने शब्दो मे पाँच वाक्य लिखो |
- चित्र में दिखाएँ साहित्य प्रकारों की चर्चा करें|

आओ अभ्यास करें

- निम्नलिखित चित्र को देखकर भारत के विविध राज्य - पहनावा ,आभूषण के बारे में चर्चा करो |



आओ सृजन करें

५, ६ वीं कक्षा के पुस्तको में आए चित्र वर्णन की चर्चा करो |

पूरक साहित्य स्रोत

- पंचतंत्र आदि चित्रपुस्तकों का वाचन करो |

दिन सातवाँ	क्षेत्र - भाषा विकास कौशल - वाचन ,भाषण

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** ०६.१५.०१: विभिन्न ध्वनियों,सामाजिक संस्थाओं,परिसर एवं सामाजिक घटकों के संबंध में जानकारी तथा अनुभव को प्राप्त करने हेतु वाचन करते हैं तथा सांकेतिक चिह्नों का अपने ढंग से प्रयोग कर दैनिक जीवन से जोड़कर प्रस्तुत करते हैं|

आओ पता करें।

- छात्रों से चित्र का निरीक्षण करवाएँ, चित्र से संबंधित प्रश्न पूछो|
- चित्र की घटना,पात्र,संवाद,कथा की शुरुआत और अंत आदि विषय पर चर्चा करवाएँ |



आओ सक्षम बनें

उपर्युक्त चित्र को देखकर कहानी लिखो :

आओ अभ्यास करें।

दिए गए रेल स्थानक के चित्र का निरीक्षण करो |



आओ सृजन करें

सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के बारे मे चर्चा करो :

पूरक साहित्य स्रोत

हिंदी सुलभभारती छठी कक्षा

दिन आठवाँ	क्षेत्र :- भाषा विकास कौशल - श्रवण , भाषण

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** ०६.१५.०९ हिंदी भाषा में विविध प्रकार की रचनाओं ,गीत आदि रुचि लेते हुए ध्यानपूर्वक सुनते हैं,आनंदपूर्वक दोहराते तथा पढ़ते हैं

आओ पता करें

- आरोह-अवरोह के साथ कविता गायन करवाएँ |


अगर हमारे बस में होता,
नदी उठाकर घर ले आते ।
अपने घर के ठीक सामने,
उसको हम हर रोज बहाते ।
कूद-कूदकर, उछल-उछलकर,
हम मित्रों के साथ नहाते ।



आओ सक्षम बनें

कवि इसे उठाकर घर ले जाना चाहता हैं -

कवि इस प्रकार से मित्रों के साथ नहाएंगे



आओ अभ्यास करें

नदी की स्वच्छ्ता आप किस प्रकार करना चाहोगे

आओ सृजन बनें

एक अजनबी व्यक्ति आपके गाँव की नदी कंधे पर उठाकर ले जाने लगा .....

पूरक साहित्य स्रोत

जल प्रदूषण से संबंधित समाचार पढ़ो

दिन
नौवाँ

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल - श्रावण, भाषण

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** ०६.१५.०९ हिंदी भाषा में विविध प्रकार की रचनाओं,देशभक्तिपर गीत,दोहे,चुटकुले आदि रुचि लेते हुए ध्यानपूर्वक सुनते हैं,आनंदपूर्वक दोहराते तथा पढ़ते हैं |

आओ पता करें

गीत ध्यानपूर्वक सुनकर आरोह-अवरोह के साथ गायन करवाएँ |






हिन्द देश के निवासी सभी जन एँक हैं
रंग रूप वेष भाषा चाहे अनेक हैं
हिन्द देश के निवासी सभी जन एँक हैं
रंग रूप वेष भाषा चाहे अनेक हैं

बेला गुलाब जूही चम्पा चमेली
बेला गुलाब जूही चम्पा चमेली
प्यारे-प्यारे फूल गूंथे माला में एँक हैं
प्यारे-प्यारे फूल गूंथे माला में एँक हैं
हिन्द देश के निवासी सभी जन एँक हैं
रंग रूप वेष भाषा चाहे अनेक हैं


कोयल की कूक न्यारी पपीहे की टेर प्यारी
कोयल की कूक न्यारी पपीहे की टेर प्यारी
गा रही तराना बुलबुल राग मगर एँक है
गा रही तराना बुलबुल राग मगर एँक है
हिन्द देश के निवासी सभी जन एँक हैं
रंग रूप वेष भाषा चाहे अनेक हैं

आओ सक्षम बनें

कृति १) गीत में आएँ फूलों के नाम :



२) कृति पूर्ण करो :



आओ अभ्यास करें

प्र. १) निम्नलिखित शब्दों की सहायता से गीत तैयार करो

देश ,सैनिक ,तिरंगा , सुरक्षा

आओ सृजन करें

१) आप के गाँव में रहनेवाले किसी सैनिक से बातचित करो और संभाषण कापी में लिखो|

पूरक साहित्य स्रोत

बालक शिरीषकुमार की कहानी पढ़ो|


दिन
दसवाँ

क्षेत्र – भाषा विकास
कौशल – श्रवण , पठन

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** ०६.१५.०९ हिंदी भाषा में विविध प्रकार की रचनाओं,देशभक्तिपर गीत,दोहे,चुटकुले आदि रुचि लेते हुए ध्यानपूर्वक सुनते हैं,आनंदपूर्वक दोहराते तथा पढ़ते हैं |

आओ पता करें

कविता का आरोह-अवरोह के साथ गायन करवाएँ |




3 खिलौनेवाला

वह देखो माँ आज
खिलौनेवाला फिर से आया है।
कई तरह के सुंदर-सुंदर
नए खिलौने लाया है।
हरा-हरा तोता पिंजड़े में
गेंद एक पैसे वाली
छोटी-सी मोटर गाड़ी है
सर-सर-सर चलने वाली।
सीटी भी है कई तरह की
कई तरह के सुंदर खेल
चाभी भर देने से भक-भक
करती चलने वाली रेल।
गुड़िया भी है बहुत भली-सी
पहिने कानों में बाली
छोटा-सा 'टी सेट' है
छोटे-छोटे हैं लोटा-थाली।
छोटे-छोटे धनुष-बाण हैं
हैं छोटी-छोटी तलवार
नए खिलौने ले लो भैया
ज़ोर ज़ोर वह रहा पुकार।
मुन्नू ने गुड़िया ले ली है
मोहन ने मोटर गाड़ी
मचल-मचल सरला कहती है
माँ से लेने को साड़ी
कभी खिलौनेवाला भी माँ
क्या साड़ी ले आता है।
साड़ी तो वह कपड़े वाला
कभी-कभी दे जाता है
अम्मा तुमने तो लाकर के

आओ सक्षम बनें

प्र. १) कविता में आई ध्वनियों को पहचानकर लिखो :

प्र. २) खिलौनेवाले ने लाई छोटी-छोटी चीजें :



प्र.३) सरला माँ को क्या कहती है §

आओ अभ्यास करें

प्र. १) वाला और वाली प्रत्यय जुड़कर बनें व्यावसायियों के नाम बताओ :

प्र. २) दुकान में आनेवाली चीजें कहा बनती है ? कहाँ से आती है ?इस के बारे में किसी दुकानदार से बातचित करो।

आओ सृजन करें

तुम्हारे गली- मोहल्ले में कौन - से फेरीवाले आते हैं और वे किस ढंग से आवाज लगाते हैं ? उनका अभिनय करके बताओ |

पूरक साहित्य स्रोत

१) रवींद्रनाथ टैगोर जी की काबुलीवाला कहानी पढ़ो |

दिन
ग्यारहवाँ


क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल - लेखन

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** ६.१५.१३ अलग-अलग कलाओं, जीवनोयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं यात्रा वर्णन समझते हुए वाचन करते हैं तथा उनको अपने ढंग से लिखते हैं।

आओ पता करते हैं

अध्यापन संकेत - चित्र से संबंधित शब्दों को फलक पर लिखवाएँ ।

छात्रों से चित्र का निरीक्षण कराएँ। जीवनोपयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी के बारे में चर्चा कराएँ। छात्रों को प्रदर्शनी का महत्व समझाएँ।



आओ सक्षम बनें

उपर्युक्त चित्र का ८ से १० पंक्तीयों में वर्णन लिखो ।

आओ अभ्यास करें

- मेले में बेची जानेवाली वस्तुओं की तालिका बनाओ।

•	•	•
•	•	•
•	•	•

आओ सृजन करें

विविध व्यवसायियों के चित्र का संग्रह करने करो।

पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा अँप कक्षा छठी हिंदी सुलभभारती पाठ मेला

दिन
बारहवाँ

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल - वाचन - लेखन

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** ६.१५.१३ अलग-अलग कलाओं, जीवनोयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं यात्रा वर्णन समझते हुए वाचन करते हैं तथा उनको अपने ढंग से लिखते हैं।

आओ पता करें।

चित्र का निरीक्षण करवाएँ, चित्र से संबंधित शब्द फलक पर लिखें
यात्रा के प्रसंग के अनुसार चर्चा करें।



आओ सक्षम बनें

अपने गाँव या शहर के बसस्थानक के बारे जानकारी लिखो।

आओ अभ्यास करें

१) यात्रा करते समय जरूरतमंद चीजों की सूची बनाओ।

आओ सृजन करें

आवागमन के साधनों का जल, थल, वायु मार्ग के अनुसार वर्गीकरण करो तथा चित्रों का संग्रह करो।

पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा ऍप यात्रा वर्णन, आवागमन के साधनों का चित्र,

दिन
तेरहवाँ

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल - निरीक्षण, वाचन ,लेखन

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** ०६.१५.१३ अलग-अलग कलाओ,जीवनोपयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं यात्रा वर्णन समझते हुए वाचन करते हैं तथा उनको अपने ढंग से लिखते हैं।

आओ पता करें

अध्यापक छात्रों से चित्र का निरीक्षण करने को कहें और उस पर चर्चा करवाएँ।



आओ सक्षम बनें

चित्र में दिखाई देने वाले बंदरगाह का अपने शब्द मे वर्णन लिखो ।

आओ अभ्यास करें

अपनी यात्रा का कोई प्रसंग कक्षा मे सुनाओ

आओ सृजन करें

जलप्रदूषण के बारे मे जानकारी हासिल करो ।

पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा अँप कक्षा छठी हिंदी सुलभभारती

दिन
चौदहवाँ

क्षेत्र -भाषा विकास
कौशल – वाचन, लेखन

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** ६.१५.१३ अलग-अलग कलाओं, जीवनोयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं यात्रा वर्णन समझते हुए वाचन करते हैं तथा उनको अपने ढंग से लिखते हैं।

आओ पता करते है

विभिन्न राज्यों की संस्कृति , शिल्पकला, कठपुतली का नृत्य आदि के बारे में अवगत कराए।

"कठपुतली" की कला के बारे में समझाएँ।

प्रस्तुत कहानी द्वारा जीवन में अंधविश्वास को दूर करें और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाएँ ।





आओ सक्षम बनें

- ❖ महोत्सव को देखने ..... गए ।
- ❖ आनंद महोत्सव मे ..... दुकानें साजी हुई थी ।

आओ अभ्यास करें

- पाठ में आए अंधविश्वास शकुन – अपशकुन इस बारे में अपना मत व्यक्त करो।

आओ सृजन करें

भारत की विभिन्न कला के बारे में जानकारी और चित्रों का संग्रह करो।

पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा एँप में हिंदी सुलभभारती छठी कक्षा
पाठ “कठपुतली “ पढ़िएँ।

दिन
पंद्रहवाँ

कसौटी १

अंक १५

दिन १ से १४ तक


प्रश्न .१ ला : अ :- चित्र देखकर उससे शब्द बनाओ | ४



प्रश्न .१ ला : ब :- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो : ४

१. विभिन्न धातूओं के नाम लिखो |
२. "भारत की बेटी" चित्र का निरिक्षण करें,दोनों चित्र में दिख रहे फरक को लिखो |
३. कभी भी खत्म न होनेवाली ऊर्जा कौन - सी है ?
४. बबलू की बुरी आदत क्या थी?

प्रश्न. २ अ) :- निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग लगाकर लिखो : ३



प्रश्न.२ :-ब) निम्नलिखित पद्य पंक्तियों को पढ़कर सुचना के अनुसार कृति करो | ४

कभी तैरते कभी डूबते,
इतराते गाते मस्ताते ।
नदी आ गई चलो नहाने,
आमंत्रित सबको करवाते ।
सभी उपस्थित भद्र जनों का,
नदिया से परिचय करवाते ।
अगर हमारे मन में आता,
झटपट नदी पार कर जाते ।

कृति १ - कवि नदी में इस प्रकार मस्ती करता हैं २

कृति २ - स्वमत लिखो : २

नदी में गंदगी ना फैले इसलिए क्या करोगे

दिन सोलहवाँ	**क्षेत्र** –भाषा विकास **कौशल** – श्रवण भाषण

अध्ययन निष्पत्ति – ०६.१५.०४ दैनिक जीवन से किसी घटना पर विभिन्न माध्यम से राष्ट्रीय प्रसंग/ घटना संबंधी वर्णन सुनना।

आओ पता करते हैं

- कविता का लयबद्ध वाचन करे और कविता की केंद्रीय भावना समझाएँ।

नफरत करना नहीं किसी से, प्यार सभी से करना जी,
तूफाँ तो आते रहते हैं, इनसे भी क्या डरना जी ।
हिम्मत करने वालों को, मिलती मदद सब लोगों की,
सत्कर्मों की तूलिका से, जीवन में रंग भरना जी ।

आओ सक्षम बनें


- कविता मे आए इन अर्थ के शब्द ढुढ़ो

  आँधी .....

  तिरस्कार .....

आओ अभ्यास करें

विपत्तियो से बचने के उपाय पर लिखो



पूरक साहित्य स्रोत

१.*Ndma.gov.in website*

२.*https://bit.ly/3gRRwbw*

दिन	क्षेत्र -भाषा विकास
सत्रहवाँ	कौशल - वाचन लेखन ।

अध्ययन निष्पत्ति - १६.१५.०४ संचार माध्यमों में रुचि तथा अभ्यास करना।

आओ पता करते है


निम्न लिखित परिच्छेद का छात्रोसे मुखर वाचन करवाएँ।

आजके युग में संचार माध्यमों का भरपूर विकास हुआ है। इसके पीछे आज के मानव की जिज्ञासा वृत्ति ही है।

वर्तमान में 'संचार माध्यम ' मनुष्य जीवन का अविभाज्य घटक बन गया है। हिंदी, मराठी, फिल्मे, रेडीओ, FM, ई-बुक, अखबार, अलग-अलग न्यूज चैनल, इंटरनेट आदि की अहम भूमिका है।

(गुट बनाकर चर्चा करें) गद्य आकलन पर प्रश्न पूछे

- तूम किस अखबार / टी.व्ही न्यूज चैनल को देखते हो।
- आज सबसे बडा "संचार माध्यम" किसे मानते है चर्चा करें।



आओ सक्षम बने

- पाँच संचार माध्यमों के नाम अपनी काफी में लिखो।

आओ अभ्यास करें

संचार माध्यमों की जानकारी इकट्ठा करो

उपर्युक्त चित्र में आई हुई संज्ञा कें नाम लिखो

आओ सृजन करें

- “यदि संचार माध्यम न होते तो”..... अपने विचार संक्षप मे लिखो ।.

पूरक साहित्य

fssai.gov.in website

दिन
अठारहवाँ


क्षेत्र -भाषा विकास
अपेक्षित कौशल - लेखन

अध्ययन निष्पत्ति - ०६.१५.०४ संचार माध्यमों के कार्यक्रमों और विज्ञापनों को रुचिपूर्वक देखते सुनते तथा अपनें शब्दों में व्यक्त करते हैं।

आओ पता करें

अध्यापक परिच्छेद का मुखर वाचन करे, विभिन्न विज्ञापन दिखाकर चर्चा करे, विज्ञापन को व्यक्तिगत अनुभव जोड़े

आज का युग विज्ञापन का युग है। इस युग में हमें वास्तविकता का ज्ञान होना आवश्यक है। टी.व्ही., रेडीओ, अखबार, मासिकों में दिएँ विज्ञापनों से हम सभी बडे प्रभावित होते है ।लेकिन इन विज्ञापनों को देखकर खरीदने का मोह होता है, लेकिन इन चीजोंकों खरीदने से पहले हमें उसकी सच्चाई जाने बिना किसी भी चीजों को खरीदना गलत हो सकता है।



आओ सक्षम बनें

१) चीजें खरीदनेसे पहले किन - किन बातों पर ध्यान देना चाहीए यह लिखो

२) वाक्य पूर्ण करो

अ) आज का युग _____

आ) चीजों कों खरीदने से पहले हमें

आओ अभ्यास करें

चीजों को खरीदने से पहले किन बातों को ध्यान रखें।

आओ सृजन करें

खेल सामग्री बिक्री पर आकर्षक विज्ञापन करो ।.

पूरक साहित्य

fssai.gov.in देखिएँ।

आंतरजाल की सहाय्यता लो

दिन
उन्नीसवाँ

क्षेत्र - भाषा विकास
अपेक्षित कौशल -श्रावण , भाषण

अध्ययन निष्पत्ति - ०६.१५.०६ हिंदीतर विविध विषयों के उपक्रमों एवं प्रकल्पों पर सहपाठियों से चर्चा करते हुए विस्तृत जानकारी देते हैं।

आओ पता करें

अध्यापन संकेत - निम्नलिखित परिच्छेद का मुखर वाचन करें


हर साल १० जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। तथा हिंदी दिवस १४ सितंबर को मनाया जाता है। हिंदी के महान साहित्यकार व्यौहार राजेंद्र सिंह जी ने हिंदी दिवस बनाने के लिए कड़ी मेहनत की तथा संविधान ने १४ सितंबर १९४९ सर्व सम्मति से हिंदी को राष्ट्रभाषा का सम्मान मिला। राष्ट्रभाषा मनाने के लिए काकासाहेब कालेलकर, मैथिलीशरण गुप्त, गोविंददास हजारीप्रसाद द्विवेदी आदि की अहम भूमिका थी।


कृति १- हिंदी दिवस मनाने के लिए इन्होंने कड़ी मेहनत की -

कृति २ - इस दिन हिंदी को राष्ट्रभाषा का सम्मान मिला

आओ सक्षम बनें

आकलन कृति





आओ अभ्यास करें

- हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने वाले साहित्य विभूतियों कें दो नाम लिखो ।

आओ सृजन करें

- काकासाहेब कालेलकरजी की जानकारी “विकिपीडियासे” पढ़ो , तथा उनकी रचनाएँ एवं पुरस्कार सम्मानों का प्रकल्प कार्य तैयार करो।

पूरक साहित्य स्रोत

साहित्यिक व्यौहार राजेंद्र प्रसाद जी “*विकिपीडिया*“ सें जानकारी पढ़ो।

दिन
बीसवाँ

क्षेत्र -भाषा विकास
कौशल - श्रवण, लेखन

अध्ययन निष्पत्ति - ०६.१५.०६ हिंदीतर विविध विषयों के उपक्रम एवं प्रकल्पों पर सहपाठियों से चर्चा करते हुए विस्तृत जानकारी देते हैं।

आओ पता करें

नीचे दी गई तालिका को समझों और कृति करो -

क्र.	अक्षर	अक्षरों से शब्द बनाएँ	शब्द से चित्र बनाएँ
१	अ	----------	
२	स	----------	
३	ज	----------	
४	न	----------	
५	क	----------	
६	गा	----------	

आओ सक्षम करें

१) अध्यापक छात्रों को पहेलियाँ दें और छात्रोंसे उत्तर पूछे

उदा. तीन अक्षर का नाम,

प्रथम कटे तो पानी बन जाऊँ,

मध्य कटे तो गल जाऊँ,

अंत कटे तो हाथी बन जाऊँ,

न सुलझाऊँ तो गधा जाऊँ,

संकेत - (पानी, जल, हाथी,गज)

उत्तर .....

आओ अभ्यास करें

१) निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए।

१) पढने - पढाने का स्थान - .....

२) सूरज दूबने का समय - .....

३) जन्म देनेवाला - .....

४) कूड़ा - करकट डालने का स्थान - .....

आओ सृजन करें

अपने दादा / दादी से पहेलियाँ पूछो तथा उसका उत्तर ढूँढने की कोशिश करों।

पूरक साहित्य स्रोत

http://diksha.gov.in play/collection/do_३१

दिन
इक्कीसवाँ


क्षेत्र – भाषा विकास
कौशल – वाचन, लेखन

अध्ययन निष्पत्ति – ०६.१५.०३ किसी देखी-सुनी – रचनाओं, घटनाओं को अपने शब्दों में व्यक्त करते हैं।

आओ पता करें

चित्र देखकर छात्रों को कल्पना करने कहें

यह चित्र किस प्रसंग का हो सकता है ?



आओ सक्षम करें

कल्पना करो

१) पुलिस अफसर ने दोनो बच्चों को शाबासी क्यों दी होगी ?

आओ अभ्यास करें

।

- बहादुरी का काम करनेवाले बच्चों को कौन - [ ] कहाँ [ ]

कब [ ] पुरस्कार प्रदान करते है।

- किसी पाँच बहादुर बच्चों को मिले पुरस्कार की सूची बनाएँ।

आओ सृजन करें

आपके सामने आपका सहपाठी नदी में डूब रहा हो तो आप उसकी मदद किस प्रकारसे करोगे ? संक्षेप में लिखो

पूरक साहित्य स्रोत

National Bravery Award Indian Council for Child Welfare.

(Website देखे)

दिन
बाईसवाँ

क्षेत्र -भाषा विकास
अपेक्षित कौशल - वाचन लेखन

अध्ययन निष्पत्ति - ०६.१५.०६ हिंदी तर विषयों के उपक्रम एवं प्रकल्प पर चर्चा करें।

आओ पता करें

अध्यापक संकेत - परिच्छेद का मुखर वाचन करें

हिंदी भाषा एवं त्योहारों के प्रति छात्रों के मन में सद्भावना उत्पन्न करें

भारत विविधता में एकता का प्रतीक है। भारत में लगभग १२१ भाषाएँ बोली जाती हैं, उनमें से २१ भाषाओं को संविधान द्वारा मान्यता दी हैं। बहुत - सी भाषाओं की लिपि तथा साहित्य मौजूद नहीं हैं।


भारत की संस्कृति एवं त्योहारों की भी अपनी-अपनी विशेषता हैं, इस देश में सभी जाति-धर्म के लोग आनंद से रहते हैं। यह भारत देश के लिए बडे अभिमान की बात है।



कृति - चित्र मे दिखाई देने वाले त्योहारों के नाम लिखो

आओ सक्षम बनें

१) आकलन कृति (१)



२) किसी एक त्योहार की जानकारी चित्र समेत लिखकर उपक्रम / प्रकल्प तैयार करो।

आओ अभ्यास करें

कृति - १) विविधता मे एकता का प्रतीक -

२) भारत में सभी जाति-धर्म के लोग आनंद/दुख से रहते हैं।

३) परिच्छेद में आए शब्द युग्म पहचान कर लिखो -

आओ सृजन करें

२१ मई विश्व सांस्कृतिक दिवस - की जानकारी पढ़ो।


पूरक साहित्य स्रोत

http://diksha.gov.in/play/collection/do_३१

दिन
तेईसवाँ

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल -संभाषण लेखन


अध्ययन निष्पत्ति **६.१५.१०.:-** दैनिक लेखन,भाषण,संभाषण में उपयोग करने हेतु अब तक पढ़े हुए नए शब्दों के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करते हुए उनके अर्थ समझने के लिए शब्दकोश का प्रयोग करते हैं,तथा नए शब्दों का लघु शब्दकोश लिखित रूप में तयार करते हैं |



अध्यापन संकेत -

मुहावरें - कहावतों के अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग किस प्रकार से किया जाए यह अध्यापक समझाएँ

१) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता - कठीन काम एक ही आदमी चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों ना हो नहीं कर सकता
२) अंधा क्या चाहे , दो आँखे - इच्छित वस्तु अनायास मिल जाना
३) फूला न समाना - बहुत खुश होना
४) प्राणों की बाजी लगाना - मरने के लिए तैयार होना



निम्म - लिखित कहावतों को पूर्ण करो

१) गंगा गए गंगादास ,.....
२) नाच न जाने , ...

आओ अभ्यास करें

मुहावरों का अर्थ बताकर सार्थक वाक्य में प्रयोग करो

१) खुशियों का ठिकाना न रहना - .....

२) तय करना - .....

३) चकित होना - .....

४) आँख लगना - .....

आओ सृजन करें

कृति१ - नीचे दिए चित्र के भावों पर आधारित मुहावरें,कहावतों को ढुंढ़ने को कहें |



कृति २ निम्नलिखित मुहावरों के आधारपर कहानी लेखन करें और उसका प्रगट वाचन करें |

१) अफसोस होना |

२) जब जागो तभी सवेरा |

पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा ॲप का उपयोग करते हुए मुहावरों के आधार पर कहानी लेखन करो |


https://play.google.com/store/apps/details?id=in.gov.diksha.app&referrer=utm_source%3Dmobile%26utm_campaign%3Dshare_app

दिन चौबीसवाँ	क्षेत्र :- भाषा विकास कौशल :- श्रवण, संभाषण

अध्ययन निष्पत्ति **६.१५.१०.:-** दैनिक लेखन,भाषण,संभाषण में उपयोग करने हेतु दैनंदिन घटना को अपनी भाषा में प्रस्तुत करते हैं |

आओ पता करें

- दिए गए चित्र का वर्णन करवाएँ |



- कसरत करने के फायदे समझाएँ|

आओ सक्षम बनें

- कसरत एवं पैदल चलने के फायदों पर चर्चा करो |
- कसरत के प्रकारों पर चर्चा करो |
- फेफड़ों के लिए कौन-से आसन करने चाहिए ?

आओ अभ्यास करें

- संक्षेप में लिखो - करोना की महामारी से लड़ने में कसरत का महत्व :

आओ सृजन करें

स्वमत लिखो :

स्वास्थ्य ही संपदा है -

पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा ॲप की सहायता से सूर्य नमस्कार की जानकारी हासील करो |


दिन	क्षेत्र :- लेखन
पच्चीसवाँ	कौशल :- भाषण,लेखन

अध्ययन निष्पत्ति दैनंदिन घटनाओं को अलग-अलग उद्दिष्टों के अनुसार लिखते समय शब्द,शब्दसमूह,वाक्य और मुहावरों तथा कहावतों का उचित उपयोग करते हैं |

आओ पता करे

अपने परिवेश का निरीक्षण करवाएँ|

अपने परिवेश के दैनंदिन जीवन में आनेवाले शब्द मराठी तथा हिंदी में जिनका उच्चारण समान है परंतु उनके अर्थ अलग-अलग हैं, ऐसे शब्द समझाएँ |



हिंदी-मराठी के समोच्चारित शब्दों की अर्थ भिन्नता बताओ और लिखो ।

मराठी अर्थ	समोच्चारित शब्द	हिंदी अर्थ
	← कल →	
	← सही →	
	← खोल →	
	← आई →	

आओ सक्षम बनें

कृति : निम्नलिखित समोच्चारित शब्दों के हिंदी और मराठी के अर्थ लिखो :

१) घंटा - ..... , ...

२) तीर - ..... , ...

३) बाल - ..... , ...

आओ अभ्यास करें

कृति : निम्नलिखित ध्वनि साधर्म्य - भिन्नार्थी शब्दों का सार्थक वाक्य में प्रयोग करो :

१) आय - .....

आयु - .....

२) कुल - .....

कूल -.....

३) चिता - .....

चिंता - .....

आओ सृजन करें

पर्यायवाची शब्द लिखो :

१) नदी -

२) सूर्य -

३) फूल -

४) खग -

पूरक साहित्य स्रोत

सरल व्याकरण की पुस्तक पढ़ो |

दिन	क्षेत्र :- भाषा विकास
छब्बीसवाँ	**कौशल :-** संभाषण ,लेखन

अध्ययन निष्पत्ति ०६.१५.१०. भाषा के शब्दकोश का उपयोग करके व्याकरण के घटक पहचानते हैं और उनके उपयोग से लेखन करते हैं |

आओ पता करते है

- दैनंदिन व्यवहार में आने वाले शब्दों की पहचान करवाएँ |
- ध्यानपूर्वक शब्द पढ़वाएँ और शब्दों में होने वाले युग्म को समझाएँ|

उदा. १) हँसना - रोना

२) घूमना - फिरना

३) यहाँ -वहाँ

आओ सक्षम बनें


शब्दयुग्म पूर्ण करो :

निम्नलिखित शब्दों के युग्म शब्द बताओ और वाक्यों में उचित शब्दयुग्म लिखो :

गाँव- ....., ...-उधर, घूमना - ....., धन - .....,
..... - पहचान, कूड़ा - ....., ... - फूल, घर - ..... ।

आओ अभ्यास करें

कृति करो :



आओ सृजन करें

अपनी पाठ्यपुस्तक में प्रयुक्त १० शब्दयुग्म ढूँढ़ो :

पूरक साहित्य स्रोत

दिन
सत्ताईसवाँ

क्षेत्र :-भाषा विकास
कौशल :- संभाषण,लेखन

अध्ययन निष्पत्ति ६.१५.११. सुनी,पढ़ी सामग्री (सामाजिक विषय पर आधरित कथा,विनोदी साहित्य) तथा घटना,चित्र,पात्र,दूसरों के द्वारा अभिव्यक्त अनुभव से संबंधित मुद्दों का संकलन करते हैं,उन पर चर्चा करते हैं |

आओ पता करे

चित्र निरीक्षण करवाएँ -



आओ सक्षम बनें

१)डाकघर में मिलने वाली सुविधाएँ ...

२)हमारी प्रगती इस में हैं.....


आओ अभ्यास करें

चित्र कें आधार पर कृति पूर्ण करो|

१) पैसे हम यहाँ जमा करते हैं - .....

२) बँक मे यह विभाग होते है १) ..... २) .....

३) .....४).....



आओ सृजन करें

बँक/ड़ाकघर में खाता खोलते समय क्या करना पडता है संक्षेप में लिखो|

पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा ॲप सहायता से प्रकाश मनु जी की चिठ्ठी कविता पढो |

दिन
अठ्ठाईसवाँ

क्षेत्र :- भाषा अभ्यास
कौशल :- भाषण,लेखन|

अध्ययन निष्पत्ति - ०६.१५.०७ भाषा की बारीकियों /व्यवस्था/ढंग पर ध्यान देते हुए सार्थक वाक्य बनाते हैं|

आओ पता करते है

- प्रश्नों की सहायता से काल की परिभाषा स्पष्ट करवाएँ |

प्र. १) आप अभी क्या कर रहें हो ?

प्र. २) आप कल इसी समय क्या कर रहें थे ?

प्र . ३) आप कल इसी समय क्या करोगे ?

- अब तीनों वाक्यों का छात्रों से वाचन करवाएँ तथा तीनों वाक्य में आनेवाले परिवर्तन का निरीक्षण करवाएँ |

आओ सक्षम बनें

- निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानो :

१) सचिन मुंबई गया था .....


२) बंदर आम खाता है .....

३) हम कल बाजार जाएँगे .....

४) गाड़ी चल रही थी .....

आओ अभ्यास करें

निम्नलिखित चित्र की सहायता से सार्थक वाक्य तैयार करो :



आओ सृजन करें

गुट में खेल खिलवाते हुए **काल** की संकल्पना स्पष्ट करवाएँ |-

- पहले गुट को दूसरे गुट को वाक्य देने को कहें,उस वाक्य के काल को दूसरे काल में परिवर्तित करने को कहें |
- दूसरे गुट की सूचना के अनुसार वाक्य तैयार नहीं किया तो उनके अंक कम करें, फिर से दूसरें गुट की ओर से प्रश्न पूछने को कहें.....

पूरक साहित्य स्रोत

कक्षा पाँचवी,कक्षा छठी व्याकरण की पुस्तिका,दीक्षा ॲप

दिन	क्षेत्र :- भाषा विकास
उनतीसवाँ	कौशल :- लेखन

अध्ययन निष्पत्ति ०६.१५.११ सुनी,पढ़ी सामग्री तथा दूसरों के द्वारा अभिव्यक्त अनुभव से संबधित उचित मुद्दों को अधोरेखांकित करते हुए ,उनका संकलन करते हुए चर्चा करते हैं |

आओ पता करें

आपके घर, अड़ोस-पड़ोस में कौन-कौन से जानवर हैं ? वे कैसे चलते हैं ? क्या खाते हैं ? उनके अलग-अलग आवाजों का निरीक्षण करवाएँ |







आओ सक्षम बनें




अपने परिवेश में दिखाई देनेवाले पशु-पक्षियों का निरीक्षण करो |


पर्यावरण में होनेवाले बदलाव का पशु-पक्षियों पर क्या असर होता है संक्षेप में लिखो |



किसी एक पशु - पक्षी पर ८ से १० पंक्तियों में लेखन करो |



पर्यावरण की रक्षा कें लिए गुट बनकर चर्चा करो |



दीक्षा ॲप का प्रयोग करो

दिन तीसवाँ

कसोटी २

अंक १५

दिन १५ से २९ तक

प्रश्न .अ **(८ अंक)**

१. आपत्ति व्यवस्थापन को अंग्रेजी में कहा जाता है _____
२. FSSAI का फूल फॉर्म _____
३. चार संचार माध्यमो के नाम लिखिए _____.१ -२_____.३_____.४____.
४. संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाओ की संख्या
५. बहादूर बच्चो को दिया जानेवाला पुरस्कार _____
६. बोली भाषा के ५ शब्द लिखिए १_____ .२ _____.३_____४_____.
७. हिंदी दिवस मनाया जाता है _____
८. विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है----------

प्रश्न .ब.

१) **निम्नलिखित किसी एक मुहावरें का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :-** **(१ अंक)**

अ- चकित होना -

ब- अफसोस होना -

२) **शब्द युग्म पूर्ण करो** :- **(२ अंक)**

अ)- आस -..... ,**ब)**-कूड़ा-..... ,**क)**-अड़ोस-..... ,**ड)**-अच्छा -.....

३) कसरत करने के दो फायदे लिखिए :- **(२ अंक)**

४) किसी पालतू पशु या पंछी के बारे में ५ पंक्तियाँ लिखिए | **(२ अंक)**

दिन इकतीसवाँ	क्षेत्र -भाषा विकास कौशल - वाचन लेखन

अध्ययन निष्पत्ति - (०६.१५.०३) किसी घटनाओं / प्रसंगों को उचित क्रम देते हुए अपने शब्दों में प्रस्तुत करते हैं।

आओ पता करें

चित्र निरीक्षण करवाएँ । छात्रो को घटनाक्रम बताने को कहें।







आओ सक्षम बनें

चित्र, स्लाईड में दिखाएँ गए घटनाओं / प्रसंगों पर छात्रों से चर्चा करते हैं।

- चित्रों का निरीक्षण करके घटना का क्रम बताने को कहें।

आओ अभ्यास करें

- चित्र देखकर नीचे दीए गई घटनाओं का उचित क्रम लगाओ।

फसल

कटाई

बोवाई

जुताई

तोड़ना

आओ सृजन करें

गमले मे कुछ सब्जियो के बीज बो कर, उस पौधे का निरीक्षण करो।

पूरक साहित्य स्रोत

पाठ्यपुस्तक, दिक्षा ॲप

दिन बत्तीसवाँ	क्षेत्र -भाषा विकास कौशल- लेखन, वाचन

अध्ययन निष्पत्ति (०६.१५.०३) किसी प्रासंगिक कथाओं के प्रत्येक प्रसंग को उचित क्रम देते हुए अपने शब्दों में प्रस्तुत करके लिखते हैं।

आओ पता करें

चित्र दिखाकर उसपर चर्चा करवाएँ।

चित्रों के आधारपर कौन - कौन सी घटनाएँ घटी होगी इसकी कल्पना कर के छात्रों को कहानी लिखने के लिए प्रेरित करें।



आओ सक्षम बने

- चित्र का निरीक्षण कर के कहानी लिखो तथा उससे मिलनेवाली सिख और शीर्षक लिखो ।

आओ अभ्यास करें

१) चित्रकार किसका चित्र निकाल रहा था ?

२) शेर को देखकर यह भाग गया .....

आओ सृजन करें

निम्नलिखित शब्दो कें आधारपर कहानी लिखो ।

१) पेड़ २) गाँव ३) नदी ४) बंदर

पूरक साहित्य स्रोत

हिंदी सुलभभारती कक्षा छठी पाठ्यपुस्तक

दिन	क्षेत्र -भाषा विकास
तैंतीसवाँ	कौशल-श्रवण ,पठन

❖ **अध्ययन निष्पत्ति** - ०६.१५.०५ प्रासंगिक कथाएँ, गीत आदि को एकाग्रता से समझते हुए सुनते हैं, सुनाते हैं तथा अपने ढंग से बताते हैं।

आओ पता करें।

उचित हाव-भाव, लय ताल के साथ कविता का गायन करवाएँ।

सुनो और गाओ


बसंती हवा

हवा हूँ, हवा मै, बसंती हवा हूँ।
सुनो बात मेरी- अनोखी हवा हूँ।
बडी बावली हूँ , बडी मस्तमौला।
नहीं कुछ फिकर है, बड़ी ही निडर हूँ।
जिधर चाहती हूँ, उधर घूमती हूँ,
मुसाफिर अजब हूँ।
न घर-बार मेरा, न उद्देश्य मेरा,
न इच्छा किसी की, न आशा किसी की,
न प्रेमी न दुश्मन, जिधर चाहती हूँ
उधर घूमती हूँ। हवा हूँ, हवा मैं
बसंती हवा हूँ!




आओ सक्षम बनें


- कविता-गीतों पर चर्चा करो।
- कविता में आए ध्वनियुक्त शब्द ढूँढो।



छात्रों को समूह में या व्यक्तिगत रूप में गाने के लिए कहें।



पाठ्यपुस्तक में आए कविताओं को लय - सूर में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित कहें।




दिन	क्षेत्र -भाषा विकास
चौंतीसवाँ	कौशल- वाचन, आकलन, लेखन

अध्ययन निष्पत्ति (०६.१५.०८) संयुक्ताक्षर से युक्त शब्दों एवं वाक्यों के मानक उच्चारण करते हैं।

आओ पता करें

उदाहरण देकर संयुक्ताक्षरों के बारे में जानकारी दें।



आओ सक्षम बनें

उपर्युक्त पेड़ के पत्तों से संयुक्ताक्षर युक्त शब्द बनाओ ।

आओ अभ्यास करें

निम्नलिखित संयुक्ताक्षर बनाओ।

१) प् + स् + त + क =

२) द + फ् + त + र =

३) स + म् + मा + न =

४) व + न् + तु =

५) ध + न् + य + वा + द =

आओ सृजन करें

दिए गए वर्णों से संयुक्ताक्षर युक्त शब्द बनाओ :

[आधे होकर, पाई हटाकर, हल लगाकर, र के प्रकार]

[क, फ, ग, त, घ, ष, व, द, म, ह, ठ, ड, ट, प]

पूरक साहित्य स्त्रोत


पाठ्यपुस्तक, दिक्षा ॲप

दिन पैंतीसवाँ	**क्षेत्र** –भाषा विकास **कौशल** – वाचन, लेखन

अध्ययन निष्पत्ति (०६.१५.०८) पंचमाक्षर से युक्त शब्दों से युक्त शब्दों एवं वाक्यों के मानक उच्चारण करते हैं।

आओ पता करें

- पंचमाक्षरों के बारे में जानकारी दें ,उदाहरण देकर समझाएँ।




आओ सक्षम बनें


- उपर्युक्त चित्र से पंचमाक्षर (ङ, ञ, ण, न, म) के अनुसार पतंगों में उचित शब्दों की जोडियाँ मिलाओ।

निम्नलिखित पंचमाक्षर के अनुसार शब्द लिखिए

ङ	क –	----------	ख –	----------
ञ	च –	----------	ज –	----------
ण	त –	----------	थ –	----------
न	ट –	----------	ठ –	----------
म	प –	----------	फ –	----------



हिंदी वर्णमाला में प्रत्येक अक्षर को लेकर उसमे पंचमाक्षरयुक्त शब्द बनाओ।



हिंदी सरल व्याकरण पुस्तक, दिक्षा ॲप

दिन	क्षेत्र -भाषा विकास
छत्तिसवाँ	कौशल - वाचन ,लेखन

अध्ययन निष्पत्ति ६.१५.०१ गद्य पद्य तथा अन्य पठित/ अपठित सामग्री के आशय का आकलन करते हुए तथा गतिविधियों /घटनाओं पर बेझिझक बात करते हुए प्रश्न निर्मिति कर प्रश्नों के सटीक उत्तर अपने शब्दों में लिखते हैं।

आओ पता करें

शब्द पहेली के माध्यम से खेलों के नाम की सूची बनाओ।



आओ सक्षम बनें

किसी एक खिलाड़ी के बारे में ८ - १० पंक्तियों में जानकारी लिखो ।

आओ अभ्यास करें

खेलों के बारे में अधिकतर जानकारी प्राप्त करो।

- खो खो
- क्रिकेट
- फुटबॉल

आओ सृजन करें

भारत में खेले जानेवाले विभिन्न खेलों के बारे में जानकारी इकट्ठा करो ।

अपने पसंदीदा खेलों के चित्रों का संग्रह करो ।

पूरक सामग्री स्रोत

पाठ्यपुस्तक, दिक्षा ॲप

दिन	क्षेत्र -भाषा विकास
सैंतिसवाँ	कौशल- श्रवण ,लेखन,वाचन

अध्ययन निष्पत्ति ०६.१५.१२ विविध विषयों की गद्य - पद्य कहानी, निबंध, घरेलू पत्र से संबंधित संवादों का रुचिपूर्वक वाचन करते हैं तथा उनका आकलन करते हुए एकाग्रता से उपयुक्त विरामचिह्नों का उपयोग करते हुए सुपाठ्य -सुडौल ,अनुलेखन , सुलेखन, शुद्धलेखन करते हैं।

आओ पता करें

चित्र के माध्यम से कहानी सुनने, बोलने और लिखने को प्रोत्साहित करवाएँ।



आओ सक्षम बनें

- उपर्युक्त मुद्दों के आधार पर चित्र का निरीक्षण करके कहानी लिखो ।
- कहानी का शीर्षक एवं सिख लिखो।

आओ अभ्यास करें

कहानी पर आधारित रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।

- जंगल में.....का एक पेड़ था।
- एक दिन खूब.....हुई।
- सारे जानवर.....पर पहुंच गए।
- जंगल में चारों तरफ.....भर गया।

आओ सृजन करें

प्रस्तुत कहानी में आए पशु - पक्षियों के चित्रों का संग्रह करो और नई - नई कहानियाँ लिखो ।

पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा ॲप के माध्यम से कक्षा छठी हिंदी सुलभभारती कहानियाँ देखिए।

दिन अड़तिसवाँ	क्षेत्र - भाषा विकास कौशल- वाचन, लेखन,संभाषण

अध्ययन निष्पत्ति - - ०६.१५.१२ विविध विषयों की गद्य - पद्य कहानी, निबंध, घरेलू पत्र से संबंधित संवादों का रुचिपूर्वक वाचन करते हैं तथा उनका आकलन करते हुए एकाग्रता से उपयुक्त विराम चिह्नों का उपयोग करते हुए सुपाठ्य - सुडौल ,अनुलेखन , सुलेखन, शुद्ध लेखन करते हैं।

आओ पता करें

- निम्नलिखित चित्र को दिखाकर छात्रों कों संतुलित आहार और व्यायाम के लाभ की जानकारी दें।





आओ सक्षम बनें

- शरीर स्वास्थ्य के बारे में चार-पाँच पंक्तियों में अपने विचार लिखो।

आओ अभ्यास करें




चित्र के माध्यम से निम्नलिखित प्रश्न कें उत्तर लिखो ।

- संतुलित आहार के बारे में चार पाँच वाक्य लिखो ।
- यदि भोजन में नमक गायब हो जाएँ तो क्या होगा। इस विषय पर चर्चा करो।

आओ सृजन करें

संतुलित आहार की तालिका बनाओ ।



पूरक साहित्य स्रोत

दीक्षा अँप का प्रयोग करें

दिन
उनतालिसवाँ

क्षेत्र -भाषा विकास
कौशल-श्रवण, लेखन

अध्ययन निष्पत्ति - ०६.१५.०२ गद्य - पद्य तथा अन्य पठित/अपठित सामग्री के आशय का आकलन करते हुए तथा गतिविधियों/घटनाओं पर बेझिझक बात करते हुए प्रश्न निर्मिति कर प्रश्नों के सटीक उत्तर अपने शब्दों में लिखते हैं।

आओ पता करें

कागज की थैली बनाने की सामग्री और विधी छात्रों को समझाएँ।




७. कागज की थैली

- राजश्री अभव

सामग्री- पुराना समाचार पत्र, कैंची, गोंद, स्केल, पेन्सिल

विधि - १. सर्वप्रथम पुराने समाचारपत्र का एक पन्ना लो।
२. उसके लंबाईवाले भाग की ओर से उसे दो इंच में मोड़ो।
३. उसी पन्ने को चौड़ाईवाले भाग की ओर से एक इंच मोड़ो।
४. तैयार पन्ने को दो बराबर भागों में मोड़कर विभाजित करो।
५. विभाजित पन्नों को फिर चार भागों में पुनर्विभाजित करो।
६. अब आखरी दोनों ओर के भागों से एक इंच दाएँ और एक इंच बाँए रेखा खींचो तथा उसे विपरीत दिशा में मोड़ो।
७. अब नीचे से मोड़कर उसे चिपकाओ तथा उसे लेस, मोती, रंगीन काँच से सजाओ। स्केच पेन से उसपर अपनी पसंद के अनुसार चित्र बनाकर रँगो।
८. अंत में दोनों ओर डोरी डालकर आकर्षक बनाओ।

KMR6DI



आओ सक्षम बनें

उपर्युक्त चित्र देखकर कागज की थैली बनाने की कृति करो

आओ अभ्यास करें

कागज की थैली के उपयोग बताओ

प्लास्टिक कैसे हानिकारक होता है इस विषयपर चर्चा करो ।

आओ सृजन बनें

- इसी प्रकार कागज से लिफाफा बनाओ

पूरक साहित्य स्रोत

पाठ्यपुस्तक, दिक्षा ॲप कक्षा छठी हिंदी सुलभभारती वीडियो देखें।

दिन
चालिसवाँ

क्षेत्र -भाषा विकास
कौशल- श्रवण, भाषण, लेखन

अध्ययन निष्पत्ति ०६.१५.१२ विविध विषयों की गद्य_ पद्य कहानी, निबंध, घरेलू पत्र से संबंधित संवादों का रुचिपूर्वक वाचन करते हैं तथा उनका आकलन करते हुए एकाग्रता से उपयुक्त विरामचिह्नों का उपयोग करते हुए सुपाठ्य - सुडौल ,अनुलेखन , सुलेखन, शुद्ध लेखन करते हैं।..

आओ पता करें

प्रस्तुत कहानी मुखर वाचन कराए। कहानी का वाचन करके वृक्ष का महत्व इस विषय पर चर्चा करवाएँ

वृक्ष हमारे साथी

रेलगाड़ी में बच्चे खिड़की के पास बैठना चाहते थे। परंतु उनके पहले ही एक दादी ने वह जगह ले ली थी। दादी किसी भी तरीके से वहाँ से उठने के लिए राजी नहीं थीं। गाड़ी शुरू हो गई। दादी के पास एक थैली थी। दादी थैली में हाथ ड़ालती थी और कुछ बीज बाहर फेंकती थीं। बच्चे दादी को देख रहे थे। दादी की इस कृति से बच्चों को बड़ा आश्चर्य लगा। आखिर उनसे रहा न गया। उन्होंने पूछा, ''दादी जी, आप क्या कर रही हैं?'' दादी ने बच्चों से कहा, ''बच्चो, देखो, मेरी मुट्ठी में बहुत सारे वृक्षों के बीज हैं। मैं इन्हें राह में फैला रही हूँ। जब बारिश होगी तब जमीन इन्हें बड़ा करेगी। बढ़ते-बढ़ते इनके पौधे बड़े हो जाएँगे। सूरज की किरणों से वे अपना अन्न स्वयं तैयार करेंगे। इनके वृक्ष बनेंगे। उनपर फूल-फल लगेंगे। कुछ समय बाद इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को फूल और फल भी देंगे। थके हुए यात्री इनकी छाया में अपनी थकान मिटाएँगे। वृक्ष के पास आने से सभी खुश हो जाएँगे।

दादी का यह काम देखकर बच्चे चकित हुए। वे मन-ही-मन सोचने लगे। 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ अभियान' की जानकारी बच्चों को मिल गई। बच्चों ने पर्यावरण का महत्व पहचान लिया। संकल्प किया कि हम भी पेड़ लगाएँगे। पेड़ की निगरानी करेंगे। धरती को हराभरा बनाएँगे। उनको हमारे साथी बनाएँगे।

आओ सक्षम बनें

वृक्ष कें ५ उपयोग लिखो



आओ अभ्यास करें

वृक्ष हमारे साथी इस विषय पर निबंध लिखो

आओ सृजन करें

विभिन्न वृक्षों के चित्रों का संग्रह करो
गाँव और शहर में वृक्ष लगाने को प्रोत्साहित करो

पूरक साहित्य स्रोत

पाठ्यपुस्तक, दिक्षा ॲप वीडियो देखें।

दिन
इकतालिसवाँ

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल- वाचन , लेखन,भाषण

अध्ययन निष्पत्ति: ०६.१५.०७ भाषा की बारीकियों / व्यवस्था /ढ़ंग पर ध्यान देते हुए सार्थक वाक्य बताते हैं तथा उचित लय-ताल,आरोह-अवरोह,हावभाव के साथ वाचन करते हैं |

आओ पता करें

कक्षा में दिखाई देनेवाली वस्तुओं के नाम पूछें |

प्रश्नों की सहायता से स्पष्ट करें कि हर वस्तु का नाम होता है |

प्र. १) यह कौन है ?

यह अजय है |

प्र. २) वह क्या है ?

वह दरवाजा है |


आओ सक्षम बने

चित्र देखकर उनके नाम लिखो |



आओ अभ्यास करें

उपर्युक्त चित्रों की सहायता से संज्ञा का इस्तेमाल करते हुए वाक्य बनाओ |





आओ सृजन करें

नीचे दी गई संज्ञाओं का वाक्यों में प्रयोग करो



पूरक सामग्री स्त्रोत

१) इस लिंक की सहायता से दीक्षा ॲप पर जाएँ

:https://diksha.gov.in/play/collection/do_31304127832090214411298?contentId=do_31307667674460979211160 4

दिन
बयालिसवाँ

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल- वाचन , लेखन,भाषण

अध्ययन निष्पत्ति: ०६.१५.०७ भाषा की बारीकियों / व्यवस्था /ढ़ंग पर ध्यान देते हुए सार्थक वाक्य बताते हैं तथा उचित लय-ताल,आरोह-अवरोह,हावभाव के साथ वाचन करते हैं |

आओ पता करे

कविता का मुखर वाचन करें और भारत की महिमा एवं सुंदरता समजाएँ |

आओ सक्षम बनें

मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है वह देश कौन-सा है ?
जिसके चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय वह देश कौन-सा है ?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं ,
सींचा हुआ सलोना वह देश कौन-सा है ?
जिसके बड़े रसीले फल, कंद ,नाज,मेवे ,
सब अंग में सजे हैं वह देश कौन-सा है ?
जिसमें सुगंधवाले सुंदर प्रसून प्यारे,
दिन-रात हँस रहे हैं वह देश कौन-सा है ?


उपर्युक्त पद्य पंक्तियों की सहायता से निम्नलिखित कृतियाँ पूर्ण करो |

१) इन शब्दों के लिए पर्यायवाची शब्द कविता में ढूँढ़ो:

१) फूल , २) सागर , ३) सुंदर , ४) पाँव

२) देश का मुकुट है - ☐


३) देश की विशेषताएँ :




आओ अभ्यास करें

- आरोह-अवरोह के साथ कविता का सुस्वर गायन करो |
- पाठ्य विषय के दृढीकरण के लिए निम्नलिखित कृतियाँ करो

१) देश के अंग इस से सजे हुए हैं :



२) फूलों की विशेषता :



३) स्वमत लिखिए - आप को स्वर्ग जैसा सुख किस में मिलता है ?

आओ सृजन करें

१) भारत की प्राकृतिक सुंदरता पर चित्र निकालो |

२) राष्ट्र के प्रतीकों की जानकारी संक्षेप में लिखो |

पूरक साहित्य स्त्रोत

१) दीक्षा ॲप की सहायता से कविता से जुडी जानकारी हासिल करें |

दिन
तैंतालिसवाँ

क्षेत्र - भाषा विकास
कौशल- वाचन , लेखन,भाषण

अध्ययन निष्पत्ति: ०६.१५.०७ भाषा की बारीकियों / व्यवस्था /ढ़ंग पर ध्यान देते हुए सार्थक वाक्य बताते हैं तथा उचित लय-ताल,आरोह-अवरोह,हावभाव के साथ वाचन करते हैं |

आओ पता करे

प्रश्नों की सहायता से सर्वनाम स्पष्ट करे

प्र. १) यह कौन है ?

यह अजय है |

प्र. २) वह क्या है ?

वह दरवाजा है |

आओ सक्षम बनें

बातचीत के दौरान यह समझो कि हम संज्ञा की जगह दूसरे शब्द का इस्तेमाल करते हैं |

उदा. १) तुम्हारा नाम क्या है ?

मेरा नाम रोशन है |

२) तुम्हारे पिताजी का नाम क्या है ?

मेरे पिताजी का नाम रमेश है ?

३) तुम स्कूल कैसे आते हो ?


मैं बस से स्कूल आता हूँ |

४) तुम्हें कौन-सा खेल खेलना पसंद करते हो ?

मुझे कबड्डी खेलना पसंद है |

आओ अभ्यास करें

चित्र देखकर उचित सर्वनाम लिखो



आओ सृजन करें

नीचे दिए सर्वानामों के चित्र देखो,पहचानो,और वाक्यों में प्रयोग करो



पूरक साहित्य स्रोत

१) **दीक्षा ॲप की सहायता से सर्वनाम से जुडे व्हिडिओ देखो |**

दिन
चवालिसवाँ

क्षेत्र – भाषा विकास
कौशल- वाचन , लेखन

अध्ययन निष्पत्ति : ०६.१५.०७ भाषा की बारीकियों / व्यवस्था /ढ़ंग पर ध्यान देते हुए सार्थक वाक्य बताते हैं तथा उचित लय-ताल,आरोह-अवरोह,हावभाव के साथ वाचन करते हैं |

आओ पता करे

विशेषण के भेद समजाएँ

प्र. १) पाठशाला का रंग कौन - सा है ?

पाठशाला का रंग सफ़ेद है |

प्र. २) पाठशाला में कितने कमरे हैं ?

पाठशाला में दस कमरें हैं |

प्र . ३ यह कमरा कैसा है ?

यह बड़ा कमरा है |

आओ सक्षम बनें

तालिका की सहायता से वाक्य बनाओ |

यह	नया /पुराना /बड़ा	घर	है	
वह	मेरी/ उसकी /तुम्हारी	गाड़ी	है	
वह	हरा / लाल / पिला	आम	है	


आओ अभ्यास करें

चित्र देखकर विशेषणयुक्त शब्द बताओ और उनका वाक्यों में प्रयोग करो |



आओ सृजन करें

निम्न विशेषण शब्दों के अपने वाक्यों मे प्रयोग करके उनके प्रकार लिखो |



पूरक सामग्री स्रोत

दीक्षा ॲप की सहायता से विशेषण से जुड़े व्हिडीओ देखो :

दिन पैंतालिसवाँ

कसौटी ३

अंक १५

दिन ३१ से ४४ तक


टीटू गिलहरी और चिंकी चिड़िया दोनो पडोसिन थी | टीटू का घर पेड़ की खोखल में था और चिंकी का घोंसला पेड़ की शाखाओं पर | चिंकी जब दाना चुगने जाती तब टीटू सब बच्चों का ध्यान रखती | एँक दिन बच्चे आपस में झगड़ने लगे | टीटू के बच्चों का कहना था कि पेड़ उनका है | चिंकी के बच्चे भी यही बात दोहरा रहे थे कि पेड़ उनका है | लड़ते-लड़ते बच्चों में झगड़ा बढ़ गया | "हम पड़ोसी हैं | हमें मिल जुलकर रहना चाहिएँ ..." टीटू उन्हें समझाने लगी ! "किंतु माँ चिंकी चिड़िया के बच्चे फलों को जूठा कर देते हैं | भला हम जूठे फल क्यों खाएँ जबकि पेड़ हमारा है |" टीटू के बच्चे मिंटू ने कहा | "तुम कैसे कह सकते हो कि यह पेड़ तुम्हारा है ?" चिंकी के बच्चे रिंकी ने प्रश्न किया |

"हम पेड़ के तने में रहते हैं | हमारा जन्म इसी खोखल में हुआ | पेड़ का तना हमारा तो शाखाएँ भी हमारी | शाखाएँ हमारी तो फल भी हमारे |" टीटू के बच्चों ने जवाब दिया | यह सुन चिंकी के बच्चे फुर्र से उड़कर शाखाओं पर जा बैठे और कहने लगे "पेड़ हमारा है | इस की टहनियों पर हमारा बसेरा है | इसपर हमारा नीड़ बना हुआ है जिसमें हमने आँखे खोलीं | हम तुम्हें टहनियों तक नहीं आने देंगे और न ही इसके फल खाने देंगे |"

प्र. १) निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ करो :

कृति १) आकृति पूर्ण करो :

इनके बच्चों में झगड़ा हुआ | ०१



२) इसका घर खोखल में था - ☐ ०१

☐

३) इसके बच्चे फलों को जूठा कर देते थे - ०१

४) इसके बच्चे पेड़ के तने में रहते थे - ☐ ०१

५) वाक्य में आया विशेषण ढूँढ़ो : ०१

टीटू सब बच्चों का ध्यान रखती |

प्र.२) दी गई सूचना के अनुसार कृति करो :

१) नीचे दी गई घटनाओं का उचित क्रम लगाओ : ०१

फसल कटाई, बोवाई ,जुताई, तोड़ना |

२) हिंदी भाषा की वर्णमाला में कितने स्वर हैं ? ०१

३) निम्नलिखित वर्णों में से व्यंजन अलग कर के लिखिए : ०१

आ, ग, ओ, छ, ऊ, प, ई, ङ, अं, ब

४) निम्नलिखित शब्दों की सहायता से संयुक्ताक्षर बनाओ : ०१


१) च + म् + म + च =

२) पु + स् + त + क =

५) पंचमाक्षर ध्वनि लिखिए : ०१

प्र. ३) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

१) पेड़ के उपयोग बताओ : ०२



१) वाक्य तैयार करो: ०३

२) तालिका की सहायता से वाक्य बनाओ, लिखो।

(अ)

मैं	पाठशाला	जाता है।
जॉन		जाती है।
नजमा		जाता हूँ।

(ब)

बच्चे	रोटियाँ	खाती है।
रिना		खाता है।
अशोक		खाते हैं।